हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–312 : जौनपुर, शनिवार 26 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## रामलला के दर्शन करने अयोध्या आ सकते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ : तैयारी शुरु

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के तौर पर अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने से पहले आदित्यनाथ योगी अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन करने आ सकते हैं।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण सम्पन्न हो जाने के बाद यहां के संत–धर्माचार्य कयास लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री कभी भी अयोध्या में आकर श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन कर सकते हैं।योगी का प्रभु श्रीराम व अयोध्या से कितना लगाव है यह किसी से छिपा नहीं है।अपने पहले कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम नगरी अयोध्या का 40 से अधिक बार दौरा कर चुके हैं। विधानसभा चुनाव के समय भी वह अयोध्या आये थे और रामलला का दर्शन करने के उपरान्त विश्व हिन्दू परिषद मुख्यालय कारसेवकपुरम् में संत धर्माचार्यों के साथ बैठक कर भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिलाने में मदद की अपील भी की थी।यही कारण है कि ऐतिहासिक विजय मिलने और नयी सरकार की गठन के साथ दूसरी पारी शुरू करने से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले रामलला का दर्शन करने के लिये आ सकते हैं। माना जा रहा है कि शपथ ग्रहण के



ठीक बाद मुख्यमंत्री अयोध्या आ सकते हैं क्योंकि श्री रामजन्मभूमि परिसर में जोर–शोर से तैयारियां हो रही है।वहीं दूसरी तरफ नगर निगम ने भी पूरे रामकोट क्षेत्र में सफाई अभियान शुरू कर दिया है। अयोध्या के संत धर्माचार्यों का मानना है कि नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन और आरती करने जरूर आयेंगे। मुख्यमंत्री ने अपने पिछले मुख्यमंत्री काल में अयोध्या का महत्व सबसे ज्यादा दिया है और विकास भी जोरों पर हो रहा है।

## छूटे हुए बच्चों को सोमवार को पिलायी जाएगी पोलियो खुराक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष तक के छूटे हुए तकरीबन दो सौ बच्चों को पोलियो की खुराक सोमवार को एक साथ पिलायी जाएगी। यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर संजय दुबे ने दी है। उन्होंने बताया कि 146 गांव में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के 48000 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जानी थी । यह अभियान 20 मार्च से 25 मार्च तक चलाया गया है। इसके लिए 60 टीम लगाई गई थी । 20 सुपरवाइजर मानिटरिंग कर रहे थे । पोलियो वैक्सीन की सुरक्षा के लिए जगह – जगह तेरह डिपो बनाए गए थे। पोलियो की खुराक पिलाने वाली टीम को नजदीकी डीपो से वैक्सीन लेनी थी। अधीक्षक डॉक्टर दुबे ने बताया कि 0 से 5 वर्ष तक के चिन्हित 48000 बच्चों में तकरीबन 200 बच्चे अभी छूट गए हैं। जिनको पोलियो की खुराक सोमवार को एक साथ स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जाएगी।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा 02 कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के मार्गदर्शन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 26.03.2022 को थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर सोनहा पोखरा मोड़ वहद ग्राम ब्राह्मणपुर के पास से पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त अमर सरोज पुत्र वंशराज सरोज निवासी डीहा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक अदद मोटर साइकिल तथा एक अदद नाजायज तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुई। उक्त के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.अमर सरोज पुत्र वंशराज सरोज उम्र करीब 22 वर्ष निवासी डीहा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.एक मोटर साईकिल हीरो सुपर स्पेलेन्डर UP50BA 7378 (चेचिस नम्बर MBLAR035H9J04975) 2.एक तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 42/22 धारा 411/419/420 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 43/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम दृ1–थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 2–उ0नि0 श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बजरंगनगर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 3–उ0नि0 श्री विभूति नरायण राय, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर 4–हे0का0 महेन्द्र यादव,हे0का0 जितेन्द्र यादव थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर।6–का0 सचिन यादव, का0 अजय प्रजापति, का0 दीपक कुमार थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर।

## खेत में बेहोशी की हालत में मिला अधेड़ : मृत घोषित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के घुघुरी सुल्तानपुर गांव मे शुक्रवार की देर रात गांव का एक अधेड़ गेहूं के खेत में बेहोशी की हालत में पाया गया। जिसे अस्पताल में चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के घुघुरी सुल्तानपुर गांव निवासी सुरेश गौड़ (45) पुत्र रामसहाय शुक्रवार की देर रात शौच के लिए घर से बाहर गया थाद्यदो घण्टे तक उसकी वापसी न होने,पर परिजन उसे ढूढ़ने निकले । खोजबीन के दौरान वह परिजनों को घर से ढाई सौ मीटर दूर गेहूँ की खेत में बेहोशी की हालत मे मिलाद्यआनन फानन में परिजन उसे गांव के ही एक चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने जरूरी इलाज के बाद शाहगंज ले जाने को कहा। बहरहाल परिजन उसे शाहगंज स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए,जहा उसे मृत घोषित कर दिया गयाद्यमौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक के घर के सामने जल खाते की जमीन को लेकर गाध्व के ही जोखन यादव पुत्र स्व.रामबुझारत से विवाद चल रहा था। उसी मामले में घटना के दिन सम्बन्धित थाने में दोनो पक्षों पर धारा151के तहत कार्रवाई भी की गई थी। फिलहाल मामले में अटकले बाजी शुरू है। मौत की सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दियाद्यमामले में क्षेत्राधिकारी शाहगंज ने अंकित कुमार ने बतायाकि जमीनी विवाद में मृतक और दूसरे पक्ष को धारा151के तहत कार्रवाई थाने द्वारा की गई थी और जमानत भी मिल गईथी। फिलहाल मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई होगी। मृतक के पास 4 अविवाहित बच्चिया और पत्नी है। जो असहाय हो उठी।

## स्पेशल कोर्ट से डीपीआरओ आरके भारती एवं सहआरोपियो के खिलाफ एफआईआर का आदेश

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : दस वर्ष पूर्व मृत हुए सफाई कर्मी की पत्नी को मृतक आश्रित नौकरी दिलाने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने का ऑफर करने समेत अन्य गम्भीर आरोपो से घिरे डीपीआरओ एवं उसके खेल में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ स्पेशल जज एससी–एसटी एक्ट इंतेखाब आलम की अदालत ने संज्ञान लिया है। मामले में अदालत ने अभियोगिनी की अर्जी स्वीकार करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच के लिए नगर कोतवाल को आदेशित किया है। अदालत ने बिना अनावश्यक विलंब के विवेचना के परिणाम से भी अवगत कराने का आदेश जारी किया है। मामला कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित मलिन बस्ती नया नगर इलाके से जुड़ा है। जहां की रहने वाली एक महिला ने स्पेशल जज एससी–एसटी एक्ट की अदालत में अर्जी दी। जिसमें दर्शाये गये आरोप के मुताबिक उसके पति अमृतलाल सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत रहे, जिनकी 20 अप्रैल 2012 को दुर्भाग्यवश मृत्यु हो गई। आरोप के मुताबिक अमृतलाल की मृत्यु के बाद अभियोगिनी एवं उसका इकलौता पुत्र ही उनके वारिस एवं विधिक उत्तराधिकारी रहे। पीड़ित महिला का आरोप है कि अमृतलाल की मृत्यु के पश्चात मृतक आश्रित नौकरी व अन्य सेवायोजन का लाभ देने की मांग को लेकर बार–बार सम्बंधित अफसरों को अर्जी दी जाती रही, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के पल्ले पीड़ित महिला की बात नहीं पड़ी और वह उसे उसका हक देने से वंचित रखे रहे एवं लगातार टाल–मटोल करते रहे। जिम्मेदार अधिकारियों का काफी समय तक यह सिलसिला लगातार जारी होने एवं लगातार आश्वासन देते रहने के बाद भी सुनवाई न होने पर वर्ष 2021 में अभियोगिनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।अभियोगिनी के मुताबिक हाईकोर्ट ने पीड़ित महिला की याचिका को स्वीकार करते हुए एक माह के अंदर विधि सम्मत समायोजन करने के संबंध में विचार करने हेतु डीपीआरओ को निर्देशित किया। आरोप है कि हाईकोर्ट के इस आदेश के क्रम में अभियोगिनी ने बीते 16 अक्टूबर को एक प्रार्थना पत्र दिया, किंतु उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। आरोप के मुताबिक बीते 10 नवंबर की शाम लगभग नौ बजे डीपीआरओ ने लक्ष्मणपुर चौकी के पास स्थित अपने आवास पर अपने सहयोगियो की मदद से संदेश देकर पीड़ित महिला को अकेले बुलवाया, जिस पर अभियोगिनी डीपीआरओ राधा कृष्ण भारती के आवास पर पहुंची तो वहां डीपीआरओ ने उसे कमरे में बुलाकर अकेला पाकर हाथ पकड़ कर नौकरी पाने के लिए पैसा न दे पाने की दशा में शारीरिक संबंध बनाने का ऑफर किया, जिसे सुनकर अभियोगिनी ने अपनी इज्जत का सौदा नौकरी से करने की बात पर इंकार कर दिया तो डीपीआरओ उसका हाथ पकड़कर बेडरूम में ले जाने लगे। पीड़िता का कहना है कि किसी तरीके से वह अपनी इज्जत बचाकर वहां से भागी, जिस पर डीपीआरओ काफी नाराज भी हो गए, यहां तक कि पीड़ित महिला को जातिसूचक अपशब्द कहने और नौकरी न मिलने देने की धमकी भी देने की बात अर्जी में कही गई है। पीड़िता का कहना है कि वह इस घटना के बावत प्रार्थना पत्र देना चाही तो डीपीआरओ कार्यालय में तैनात बाबू अरविंद वर्मा ने उससे संपर्क कर कहा कि कोई कार्रवाई न करो और नौकरी पानी हो तो डीपीआरओ साहब से जाकर मिल लो,उसमे तुम्हारा क्या बिगड़ जाएगा। फिलहाल पीड़ित महिला इस ऑफर को ठुकराती रही। इतना ही नहीं इसके बाद भी आरोपी अरविंद वर्मा, सुदामा एवं अन्य आरोपियों के जरिए नौकरी के नाम पर डीपीआरओ से शारीरिक संबंध बनाने का ऑफर फिर से रखा गया,लेकिन पीड़ित महिला के आरोप के मुताबिक वह आरोपियों की इस मांग को लगातार नकारती रही तो आरोपियों ने उसे भला–बुरा कहा और उसे नौकरी ना मिलने देने की धमकी तक दे डाली। पीड़िता का आरोप है कि इस मामले में कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक तक शिकायत हुई, लेकिन उसकी अर्जी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अंततः पुलिस के जरिए सुनवाई ना होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। मामले में स्पेशल जज इंतेखाब आलम की अदालत ने अभियोगिनी के अधिवक्ता की बहस को सुनने के पश्चात संज्ञान लेते हुए आरोपी डीपीआरओ राधाकृष्ण भारती (गिरी),सह आरोपी बाबू अरविंद वर्मा, सुदामा एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच के लिए नगर कोतवाल को आदेशित किया है। वहीं अदालत ने बिना किसी अनावश्यक विलंब के विवेचना के परिणाम से भी कोर्ट को अवगत कराने का निर्देश जारी किया है। अदालत के इस आदेश से डीपीआरओ एवं अन्य आरोपियों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है।

## सड़क दुर्घटना में जलालपुर थाने पर तैनात सिपाही की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के हाइवे पर रेहटी गांव के पास शनिवार को सुबह करीब साढे नव बजे बाइक से ड्यूटी पर जा रहे सिपाही को पीछे से अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से मौत हो गई ।38 वर्षीय सिपाही अमित सिंह निवासी लक्ष्मणगढ़ थाना बलुआ जिला चंदौली सुबह बाइक से प्रार्थना पत्र की जांच करने त्रिलोचन महादेव की तरफ जा रहे थे।वह रेहटी गांव के गेट से 100मीटर पहले पहुंचे थे तभी किसी वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे विद्युत पोल से टकरा गई ।पोल में टक्कर लगने से सिपाही के सिर में गंभीर चोट आई ।टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया ।मौके पर भारी भीड़ जुट गई ।सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर विजय शंकर सिंह घायल सिपाही को सीएचसी रेहटी ले गए। जहा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया ।सिपाही



को वाराणसी के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया ।कांस्टेबल अमित सिंह 6माह पूर्व सरपतहा थाने से ट्रांसफर होकर जलालपुर थाना पर तैनात हुए थे।

## जो भक्तों के पापों का हरण कर ले वही हरिः संत प्रमोद दास जी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के जलालपुर कस्बे में स्थित रामलीला मैदान में मुमुक्षु सेवा सदन के द्वारा आयोजित आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सुक्रवार को लखनऊ से आए कथा व्यास संत प्रमोद दास जी महाराज के द्वारा पंडाल में उपस्थित श्रोता जनों को कथा रसपान कराते हुए कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेको बाल लीलाएं कीं, जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं ।नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है। हर गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारें। जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन्मुक्त है। एक बार कान्हा के द्वारा घर में माखन चोरी करते समय वहा मैया यशोदा आ गईं और कन्हैया को माखन चोरी करते रंगे हाथ पकड़ ली जब उन्होंने डांट लगाना शुरू किया तो कन्हैया ने अपने बचाव में कहा कि मैया तुमने हमारे हाथ में इतने मणिमय आभूषण पहना दिए हैं जिससे मेरे हाथ गर्म हो गए हैं तो माखन की हांडी में हाथ डालकर इन हाथों को शीतलता प्रदान कर रहा हूं। कोई माखन की चोरी नहीं कर रहा हूं व्यास की के द्वारा श्रीकृष्ण की माखन लीला, गोवर्धन लीला, बाल लीलाओं के दृश्यों का संजीव चित्रण किया गया। गिरिराज महाराज की झांकी के साथ छप्पन भोग लगाया गया। कथा पंडाल में मार्कंडेय मिश्रा, श्री नारायण अग्रहरी, रानी अग्रहरी, डॉ छोटेलाल यादव, रामेश्वर, प्रिया अग्रहरी,आदित्य पांडेय, मुन्नू पांडेय रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सदर तहसीलदार की सख्ती से संग्रह अमीनो में आई सक्रियता

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सदर तहसीलदार विदुषी सिंह की सख्ती से बड़े ऋण बकायेदारो में मचा हड़कंप। बैठक कर लगभग 27 संग्रह अमीनो को बकायेदारो से तत्काल वसूली करने के लिए कसा पेंच। इस दौरान तहसीलदार विदुषी सिंह ने बताया कि बैंक, विद्युत, स्टाम्प, व्यापार कर, वाहन लोन व न्यायलय जुर्माना सहित समस्त प्रकार से ऋण के बकायेदार अविलंब किस्तें व बकाया ऋण समय सीमा के अंदर जमा करें अन्यथा संम्पति भी कुर्क करने जैसी की जाएगी कार्रवाई। जिसका बकायेदार स्वयं होंगे जिम्मेदार।

## संयुक्त शिक्षा निदेशक ने परखी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संयुक्त शिक्षा निदेशक, वाराणसी मंडल, प्रदीप कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षा केंद्र बयालसी इंटर कालेज, जलालपुर, का किया निरीक्षण जलालपुर क्षेत्र के बयालसी इंटर कॉलेज में चल रहे बोर्ड परीक्षा का शनिवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी मंडल प्रदीप कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक के द्वारा डबल लॉक अलमारी में रखे गए प्रश्न–पत्र की जांच किए। आलमारी को खोलने और बन्द करने संबंधी रजिस्टर का भी निरीक्षण किया । कैमरे में उसकी पूरी लोकेशन का गहनता से निरीक्षण किया। कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरा को बारीकी से देखा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह के कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे से संचालित हो रहे बोर्ड परीक्षा की फुटेज देखकर हर्ष व्यक्त किये। गृह विज्ञान की प्रथम पाली में104 बच्चे रजिस्टर्ड थे जिसमे से 4 बच्चे अनुपस्थित रहे 100 बच्चो ने परिक्षा दी।

## अनुशासन की सीख देता है स्काउट गाइड– डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज के फरीदाबाद स्थित श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय में पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण के तीसरे दिन छात्र–छात्राओं ने सर्वप्रथम श्री गौरी शंकर धाम में जाकर वहां की साफ सफाई की। तथा स्वच्छता आदि का संदेश दिया। प्रशिक्षण के दौरान स्काउट गाइड के प्रशिक्षक धर्मराज विश्वकर्मा द्वारा छात्रों को ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ फॉस बंधन एवं टेन्ट बनाने की विधियां बताई गई ।ध्वज सलामी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज हमें इस प्रशिक्षण के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने की सीख प्राप्त होती है। हम नैतिक, अनुशासित एवं कर्तव्य के प्रति ईमानदार बनते हैं। इस दौरान प्रशिक्षक मनोज यादव, महाविद्यालय के प्राध्यापक विनोद कुमार तिवारी, शिवानंद चौबे, विपिन सिंह, जितेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सेंध काटकर मिठाई की दुकान से नकदी समेत मिठाई व बर्तन चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के कसेरू बाजार में स्थित मिठाई की दुकान से चोंरो ने सेंध काटकर 4500 रूपये नकद समेत मिठाई व बर्तन पर हाथ साफ कर दिए। पीड़ित की सूचना पर जांच में सुरेरी पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के देहुआ गांव निवासी सुनील मोदनवाल की कसेरू बाजार में मीठा का दुकान है,प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की देर शाम सुनील अपनी दुकान बंद कर घर चले गए शनिवार की सुबह लगभग 9:00 बजे जब वह दुकान पर पहुंचकर दुकान का शटर उठाया तो अंदर दीवाल टूटा तथा सामान बिखरे हुए थे। जिसे देख वह अवाक रह गया। जिसकी सूचना पीड़ित सुनील द्वारा 112 नंबर की पुलिस को फोन कर चोरी होने की जानकारी दी। सुचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंच कर आवश्यक जांच पड़ताल की बात कह कर चली गई। सुनील की माने तो चोर उसके दुकान के पीछे से सेंध काटकर दुकान के काउंटर में रखा 45 सौ रुपए नगद व दुकान में रखी मिठाईयां, बर्तन आदि उठा ले गए। दुकानदार के अनुसार नगद व सामान मिलाकर लगभग ध10000 का सामान चोर उठा ले गए। बाजार में हुई चोरी को लेकर बाजार वासियों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश है। बाजार वासियों की मानें तो पुलिस द्वारा बाजार में गस्त नहीं की जाती जिसकी वजह से चोर खुलेआम चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायन चौरसिया ने बताया की चोरी की सूचना मिली है मामले की जांच की जा रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
पतझड़ हुए बिना पेड़ों पर पत्ते नहीं आते, कठिनाई और संघर्ष सहे बिना अच्छे दिन नहीं आते।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## कर के दायरे का विस्तार कब होगा : सिर्फ साढ़े चार करोड़ लोगों के टैक्स के पैसों से चलता है देश

समस्या यह है कि वोट की राजनीति के कारण सरकारें नए वर्गों के बारे में सोच नहीं पा रही हैं या हिम्मत नहीं जुटा रही हैं। पिछले कई दशकों से यह बात उठती रही है कि धनी किसानों को भी आयकर के दायरे में लाया जाए। इंदिरा गांधी की सरकार ने इस पर काफी चिंतन भी किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। हाल के किसान आंदोलन में हमने हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को नजदीक से देखा। अगर यह कहा जाए कि 130 करोड़ की आबादी वाला यह देश सिर्फ साढ़े चार करोड़ लोगों के टैक्स के पैसों से चलता है, तो हैरान न हों। इसमें भी डेढ़ करोड़ करदाता ऐसे हैं, जिनका योगदान नाम भर का है। यानी व्यावहारिक तौर पर देश की कुल आबादी के तीन प्रतिशत से भी कम लोग आयकर देते हैं। पिछले पांच–छह वर्षों में देश के कुल राजस्व का 55 प्रतिशत प्रत्यक्ष करों से आता रहा है और शेष 45 प्रतिशत अप्रत्यक्ष करों से आया। सरकार के प्रयासों से आयकर रिटर्न भरने वालों की तादाद बढ़कर 6.6 करोड़ तो हो गई, लेकिन आयकर वसूली में कोई खास इजाफा नहीं हुआ। एक कानून है, इसलिए लोग आयकर रिटर्न भरते रहे। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में आयकर वसूली अभी 15 लाख करोड़ रुपये भी नहीं है। फरवरी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान बताया कि पिछले वित्त वर्ष में आयकर के जरिये कुल 14.20 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें 7.20 लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट टैक्स से और शेष सात लाख करोड़ रुपये आम करदाताओं से प्राप्त हुए। सच तो यह है कि यह राशि बहुत कम है और सरकार के लिए चिंता का विषय है। भारत में अभी कुल कर और जीडीपी का अनुपात 11 प्रतिशत ही है। यानी हम बहुत ही कम कर देते हैं। इसका नतीजा है कि सरकार लगातार कर्ज लेती जा रही है और जून, 2020 में यह बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकार ने आयकर और जीएसटी का दायरा बढ़ाने का प्रयास तो किया, लेकिन उसमें उसे ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई है। आयकर की वसूली का दायरा भी छोटा है। इस सारी वसूली का बड़ा हिस्सा वेतनभोगी और मध्य वर्ग के बूते हो रहा है। यह वह वर्ग है, जो कर देता है और जो बुरी से बुरी परिस्थितियों में भी कर देने के लिए बाध्य है। मध्य और उच्च मध्य वर्ग सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है और सबसे ज्यादा कर भी देता है। उससे यह उम्मीद भी की जाती है कि वह बचत योजनाओं में पैसे भी लगाएगा, जिसका अंततः इस्तेमाल सरकार करेगी। सरकारों ने निर्धन वर्ग तथा अन्य के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, लेकिन मध्य वर्ग के लिए कुछ नहीं है। न तो उसके लिए बुढ़ापे में आय का कोई प्रबंध है और न मेडिकल सुरक्षा, जो सरकारी कर्मचारियों को मिली हुई है। मेडिकल बीमा इतना महंगा है कि बहुत से वरिष्ठ नागरिक कराते भी नहीं हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकारों ने आने वाले चुनाव को देखते हुए फिर से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर दी है, जिसका बोझ खासकर मध्य वर्ग ही उठाएगा। सरकार को इस बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा कि कौन सा नया वर्ग उभरा है, जो अच्छी कमाई के बावजूद आयकर के दायरे से बाहर है। समस्या यह है कि वोट की राजनीति के कारण सरकारें नए वर्गों के बारे में सोच नहीं पा रही हैं या हिम्मत नहीं जुटा रही हैं। पिछले कई दशकों से यह बात उठती रही है कि धनी किसानों को भी आयकर के दायरे में लाया जाए। इंदिरा गांधी की सरकार ने इस पर काफी चिंतन भी किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। हाल के किसान आंदोलन में हमने हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को नजदीक से देखा। महंगे कपड़े, स्पोर्ट्स शूज और बड़ी–बड़ी गाड़ियां, बड़े ट्रैक्टर सभी कुछ थे उनके पास। फिर भी उनमें से एक भी किसान आयकर नहीं देता। कई ऐसे किसान मिल जाएंगे, जिनके पास सैकड़ों एकड़ जमीन है और वे कर देने के बजाय सरकार से ही वसूली कर रहे हैं, चाहे वह एमएसपी में बढ़ोतरी हो या उर्वरकों की कीमतों में सब्सिडी या फिर कम दाम पर या मुफ्त में बिजली। छोटे व्यवसायी इस समय कोरोना महामारी के कारण मार खा बैठे हैं। लेकिन इसके पहले उन्होंने काफी कमाया। इस तरह के और भी कई वर्ग हैं, जिन पर सरकार को आगे चलकर ध्यान देना होगा। सरकार को आगे के लिए एक रोडमैप बनाना होगा, ताकि नए वर्ग कर दायरे में आएं। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि मध्य वर्ग के कर देने की सीमा है और वह दे भी रहा है। आयकर की वसूली कैसे बढ़ाई जाए और इसमें जो विषमताएं हैं उन्हें कैसे दूर किया जाए, इस पर राष्ट्रव्यापी बहस होनी ही चाहिए। एक खास वर्ग को दुधारू गाय की तरह दुहना उचित नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## फौजी को सम्मान के लिए सड़कों पर हंगामा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : फौजी को सम्मान के लिए सड़कों पर हंगामा, सड़क पर हुआ पथराव, कई सरकारी वाहन हुए क्षतिग्रस्त, हुई आगजनी, मामला चौरी चौरा का है जहाँ, एक फौजी को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए इस कदर हंगामा हुआ कि पथराव के साथ आगजनी तक की नौबत आ गई, और पूरे जनपद की फोर्स पहुच गई चौरी चौरा। गोरखपुर के रहने वाले सैनिक धनंजय यादव (30) की संदिग्ध हालत में सिक्किम में मौत हो गई, शुक्रवार सुबह उनका शव गांव पहुंचा, इसके बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, सैनिक के पार्थिव शरीर के साथ उसकी बटालियन से कोई नहीं आया, साथ ही बटालियन से घरवालों के पास फोन आया, कि धनंजय को शहीद का सम्मान नहीं मिलेगा, इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया, लोगों ने जमकर हंगामा किया, उनकी मांग थी, कि मृत सैनिक को शहीद का दर्जा मिले, साथ ही उचित सम्मान के साथ अंतिम विदाई और बहन को सरकारी नौकरी दी जाए, नाराज लोगों ने शहीद का पार्थिव शरीर रखकर गोरखपुर–देवरिया मार्ग जाम कर दिया, इसके अलावा गोरखपुर लोकमान्य तिलक रनिंग गाड़ी को चौरी चौरा में रोक लिया गया, इससे करीब एक घंटे तक रेलवे ट्रैक बाधित रखा, अधिकारियों के समझाने पर रेलवे ट्रैक से जाम हटा लिया गया, वहीं सड़क मार्ग भी जाम कर दिया गया, रात करीब 8 बजे डीएम विजय किरण आनंद भी मौके पहुंचे, उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण नही माने, जिसके बाद विवाद बढ़ गया, और अचानक इट पत्थर चलने लगे, फिर पुलिस ने लाठी। चार्ज कर भीड़ को खदेड़ मामले पर काबू लाने की कवायत में जुट गई, नाराज लोगों ने एक बाइक, एक ऑटो और 3 सरकारी गाड़ियां भी फूंक दी, स्थिति इतनी खराब हो गई, कि डीएम व पुलिस अधिकरियो के साथको फोर्स को पीछे भागना पड़ा, बाद में पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

## नोडल टीचर्स का बीआरसी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीआरसी पर शनिवार को विकास क्षेत्र में चलाए जा रहे समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा के चयनित नोडल टीचर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। ब्लाक कद एआरपी तथा प्रशिक्षक सुशील उपाध्याय ने उक्त सन्दर्भ में बताया कि विकास क्षेत्र के चयनित 61 शिक्षकों को इस प्रशिक्षण के माध्यम से दिव्यांग बच्चो की शिक्षा दीक्षा में आने वाली कठिनाईयों तथा उनके समाधान के बारे में बताया गया।उन्होंने बताया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले इन बच्चों के मन को पढ़ना,उनके अंदर छिपे विशेष कौशल की पहचान करना तथा उसी के अनुरूप उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने का गुरुतर भार गुरुजनों पर होता है। सामान्य बच्चो की अपेक्षा इन बच्चों को पढ़ने के लिए बाल मनोविज्ञान का सम्यक ज्ञान अत्यावश्यक होता है।यह बच्चे दया नहीं अपितु स्नेह के पात्र हैं।जिनके साथ केवल ही शिक्षक नहीं बल्कि एक सच्चे साथी की भूमिका में व्यवहार करते हुए इनका समग्र विकास किया जा सकता है। प्रारम्भ में इंटिनरेंट टीचर शैलेन्द्र सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया।शिक्षकों ने समवेत स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।प्रमुख रूप से विवेक सिंह,राम जीत यादव,आर पी यादव वीरेंद्र सिंह आदि रहे।

## योगी की जीत से शहीदो की नगरी में खुशी की लहर

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीत के बाद जिले में भी दिव्यांगजनों में खुशी की लहर एवं उत्साह का माहौल है। समिति के मुख्य संरक्षक हरीशरण बाजपेई एवं सचिव नीरज बाजपेई ने उनकी सफलता के लिए भगवान भोलेनाथ और भगवान हनुमान जी से प्रार्थना की थी। जनपद के आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान ने आज रामचरल लाल धर्मशाला खिरनी वाग शाहजहॉ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीत के बाद शपथ ग्रहण के अवसर पर दिव्यांग जनों में भी खुशी की लहर एवं उत्साह का माहौल है। जनपद के कोने कोने से हजारों दिव्यांगजनों ने पूरे दिन रामचरन लाल धर्मशाला में टेलीविजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का शपथ ग्रहण समारोह देखा जिसके उपरान्त खुशी से उत्साहित होकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर समिति के प्रदेश सचिव एवं भाजपा नेता नीरज बाजपेई ने कहा कि योगी आदित्यनाथ एक कुशल जनसेवक और प्रशासक साबित हुए हैं। उनके सुशासन और नीतियों को जनता ने बहुमत देकर मोहर लगाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में फिर से सम्मानित जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया जिसके कारण आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी दोवारा शपथ ले रहे है। उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों और सुशासन पर मोहर लगाने का काम किया है। सभी को यह पूरी उम्मीद है कि अब उत्तर प्रदेश में और अच्छा सुशासन योगी आदित्यनाथ देंगे। इसके साथ ही आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, जितिन प्रसाद जी, सुरेश कुमार खन्ना जी, जे0पी0एस0 राठौर जी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी के शपथ ग्रहण के अवसर पर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा आमंत्रित दिव्यांग जनों ने जमकर गुलाल लगाकर नृत्य किया एवं मिठाई एक दूसरे को खिलाकर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य



संरक्षक हरीशरण बाजपेई प्रबन्ध निदेशक नरेन्द्र सक्सेना जिलाध्यक्ष अशोक कुमार , सोनू प्रजापति , नेहा मिश्रा , हिमाशू कश्यप , रामदेव , मुनेश कुमार , रेखा , अशोक कुमार , निर्मला , रमेश , रीना , लालाराम , वलवीर सिंह , रामगुनी , अरविन्द , आशाराम , माया , छोटे , सुदामा देवी , हरिपाल , सुभाष , नरेश , नन्ही , देशराज , रविन्द्र सिह , मथुरा प्रसाद , सतयपाल , शिवानी , पुष्पा , किरन देवी , उर्मिला , श्रीकृष्ण , कालीचरन , वीरपाल , पूजा , सुशीला , शारदा , चम्पा , गीता , रामसनेही , श्री देवी , सोमवती , नरसिंह , रंजना देवी , सीमा देवी आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एवं श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल ने संयुक्त रुप से किया सम्मानित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिले में विधानसभा चुनाव 2022 के शांतिपूर्ण तरीके से सफल कराने के दृष्टिगत ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक अखिलेश सिंह ने जिला अधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक/प्रशिक्षण सीडीओ आकांक्षा को उत्कृष्ट निर्वाचन सेवा सम्मान से सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अधिकारी अविनाश कुमार ने कहा इस चुनावी प्रक्रिया में प्रशासन का आम जनता तथा मीडिया का भी भरपूर सहयोग रहा, उन्होंने निर्वाचन कार्य में सहयोग करने के लिए मीडिया को भी बधाई दी । इस मौके पर जिला अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अखिलेश सिंह, जिला महासचिव रजनीश सिंह, प्रांतीय



प्रतिनिधि राम श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी नवल किशोर, तहसील अध्यक्ष अजय सिंह, नगर अध्यक्ष अंकित कुमार, नगर महामंत्री पीके सूरी आदि मौजूद रहे।

## खुशी से झूम उठे नितिन अग्रवाल समर्थक कहीं फोड़े पटाखे : तो कहीं बांटे गए लड्डू

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सदर विधायक नितिन अग्रवाल के उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनने पर उनके समर्थकों में गजब का उत्साह दिखा नरेश समर्थक खुशी से झूमते हुए दिखाई पड़े कहीं समर्थकों ने पटाखे फोड़े तो कहीं लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया वही रजनी तिवारी के राज्य मंत्री की शपथ लेने पर उनके समर्थकों ने भी खुशी का इजहार किया है यही नहीं जिले के बृजेश पाठक के उप मुख्यमंत्री बनने पर भी उनके समर्थकों में जबरदस्त खुशी की लहर है। नगर के रेलवे गंज में आरएन ज्वेलर्स पर अश्वनी गुप्ता और आनंद गुप्ता और गुप्ता खाद भंडार पर नरेश अग्रवाल के बेहद करीबी माने जाने वाले प्रकाश गुप्ता और प्रेम प्रकाश गुप्ता अपने इष्ट मित्रों तथा समर्थकों के साथ दोपहर 12 बजे से पटाखे दागेते रहे तथा शपथ ग्रहण के दौरान मजदूरों और दुकानदारों तथा राहगीरों में लड्डू बांट कर खुशी का इजहार कर रहे हैं यहां सड़क पर पटाखों के दगने के बाद फैले कागज के टुकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि बड़ी संख्या में पटाखे फोड़े गए रेलवे गंज में ही राजेश गुप्ता पप्पू ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर खुशी जाहिर की वही अरुण गुप्ता ने एसआरजे लान में मिठाई बांटी पूर्व सभासद एवं नरेश अग्रवाल के खांटी समर्थक राजीव गुप्ता ने अपने प्लांट पर श्रमिकों को लड्डू खिलाकर नितिन के मंत्री बनने पर खुशी का इजहार किया जिला पंचायत सदस्य सर्वेंद्र गुप्ता ने नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लोगों को लड्डू खिलाए वहीं विजय गन हाउस के मालिक विजय गुप्ता ने भी नितिन के मंत्री बनने पर एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया वही विजय गारमेंट्स के शिवांशु गुप्ता ने भी लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया मानपुर के पूर्व प्रधान राम दास गुप्ता ने नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर प्रसाद चढ़ाया वही नवीन मंडी स्थल में मनोज गुप्ता श्यामा कुमार गुप्ता टीटू कैलाश गुप्ता संदीप गुप्ता आदि ने भी खुशियां मनाई और मिठाई बांटी सांडी में पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने लोगों का मुंह मीठा कराया नगर पालिका परिषद








हरदोई के अध्यक्ष मुख्य सुख सागर मधुर मिश्र ने भी नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने भी नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया है और प्रधान विनय गुप्ता ने भी नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर मंदिर पर माना गया प्रसाद चढ़ाया जितेंद्र ऑटो पार्ट्स एवं भावना ऑटो पार्ट्स पर भी मिठाई का वितरण किया गया यहां पंकज गुप्त संजीव अग्रवाल महेश चंद्र डब्लूगुप्ता खून खून अवस्थी गोविंद तिवारी सभासद शिव सेवक गुप्ता विनोद गुप्ता और एडवोकेट अनिल गुप्ता ने भी खुशियों सहभागी बने वही प्रधान प्रदीप गुप्ता ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया राम चठिया रमेश गुप्ता ने नितिन अग्रवाल और रजनी तिवारी के मंत्री बनने पर खुशी जताई है सरकारी शीत ग्रह के अध्यक्ष और कॉपरेटिव बैंक के डायरेक्टर अमित जितने भी जिले के तीन मंत्री बनने पर खुशी जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। हरपालपुर में रंजन गुप्ता ने नितिन अग्रवाल के मंत्री बनने पर यह दूसरे का मुंह मीठा कराया राजकमल गुप्ता डब्बू में भी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नितिन के मंत्री बनने पर खुशी जताई।

## कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बक्शा–जौनपुर पर कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित 04 दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन गुरूवार को किसानो को कार्ययोजना बनाकर संतुलित खेती करनें की सलाह दी गई। मुख्य अतिथि अरविन्द सिंह, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी भाजपा किसान मोर्चा ने सरकार द्वारा किसानो के लिये चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ किसान सम्मान निधि, फसल बीमा तथा कृषि सिचाई योजना की जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुये संयुक्त कृषि निदेशक, वाराणसी मण्डल–वाराणसी ने कहा कि कृषि की कार्ययोजना बनाकर संतुलित खेती के साथ साथ पशुपालन, बागबानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन अतिआवश्यक है, ताकि कृषि विविधिकरण अपनाते हुये विभिन्न स्रोतो से अपनी आय में वृद्वि कर सकते है। उप कृषि निदेशक जय प्रकाश द्वारा अतिथियो का स्वागत करते हुये कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी दी गई। विशिष्ट अतिथि संतोष उपाध्याय, सदस्य जिला कार्यसमिति किसान मोर्चा एवं प्रगतिशील कृषक देवराज पाण्डेय द्वारा जैविक खेती की जानकारी किसानो को दी गई तथा केन्द्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा0 सुरेश कन्नौजिया ने मृदा प्रबंधन, जल प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिक डा0 राजीव सिंह, डा0 सुरेन्द्र प्रसाद सोनकर एवं डा0 अनिल यादव, जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर राम ने भी संबोधित किया। अन्त में अपर जिला कृषि अधिकारी रमेश चन्द्र यादव द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। इस मौके पर भोला सिंह, कमला सिंह, विनोद मौर्य, रामदुलार यादव, दुर्गा मौर्य, साधना, दीपक रानी प्रेमादेवी आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहें।

## शार्ट सर्किट से मड़हे में लगी आग : हजारो का सामान जलकर खाक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर गांव के निषाद बस्ती में शुक्रवार को शार्ट सर्किट से एक रिहायसी मड़हे में आग लग गयी। आग लगने से हजारो का सामान जलकर खाक हो गया। बता दें कि धर्मापुर गांव के निषाद बस्ती में शुक्रवार शाम 5 बजे के लगभग मुन्नी देवी के रिहायसी मड़हे में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जब तक आस पास के लोग आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते तब तक मुन्नी देवी का मड़हा जलकर खाक हो गया था। मड़हे में रखा गेंहू, चावल, दो तख्त, एक चारपाई, बिस्तर, टीवी जलकर खाक हो गया। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान धर्मापुर जय हिंद यादव ने राजस्व विभाग को सूचना दिया। मुन्नी देवी के मुताबिक आग लगने से लगभग 40 हजार का नुकसान हुआ है। वही ग्रामीणों के मुताबिक जब आग लगी तो फायर ब्रिगेड के नम्बर पर लगातार प्रयास किया गया किंतु फायर बिग्रेड का नम्बर नही लगा।

## पानी पीने गए छात्र की शिक्षक ने की जम कर पिटाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के बारी गांव में स्थित माता कलावती इंटर कालेज के एक शिक्षक द्वारा एक छात्र की डंडे से जम कर पिटाई की गई जब छात्र ने घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिजन आक्रोशित हो गए और परिजन के साथ छात्र गौराबादशाहपुर थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की भुइली गांव का रहने वाला आदित्य सरोज 17 बारी बाजार में स्थित माता कलावती इंटर कालेज में इग्यारहवी का छात्र है आज वह विद्यालय गया था क्लास में बैठे बैठे उसको प्यास लगी तो पानी पीने हैंडपंप पर गया जब वापस कमरे में गया तो एक शिक्षक ने डंडे से गाली देते हुए उसकी पिटाई शुरू कर दी जब परिजनों को आदित्य ने घटना की जानकारी दी तो परिजन साथ लेकर आदित्य को लेकर थाने आये और उक्त शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही कार्यवाही की मांग की है इससे पहले भी इस विद्यालय पर छात्रो की पिटाई का मामला हो चुका है। इस बारे थानाध्यक्ष अवधनाथ यादव का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## क्रिएटिव कॉन्वेण्ट कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। क्रिएटिव कॉन्वेण्ट कॉलेज, शान्ती नगर, सरोजिनी नगर, लखनऊ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह सचान (आई०ए०एस० स्पेशल सेकेट्ररी एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स डिपार्टमेंट गवर्नमेंट ऑफ यू०पी०) ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। जिनके नाम जयंती वर्मा, पायल कुमारी, रागिनी यादव, नंदिनी, आयुष कुमार, साजिदा, प्रिंस कश्यप, आयेशा वर्मा, हर्षिता तिवारी, काजल पाण्डेय, निधिका शर्मा, लक्ष्मी कश्यप, मन्नत, अंकिता सरोज, कृष्णा, अतुल सरोज, आस्था सिंह, रिजा सिद्दीकी, नाज खान, उमंग शर्मा, अंशिका रावत आदि है। साथ ही में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में बौद्धिक क्षमता के साथ–साथ शारीरिक क्षमता के विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। प्रबंधक योगेंद्र सचान ने भी अकेडमिक में शीर्ष रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये जिनके नाम रूद्रांश त्रिपाठी, पायल कुमारी सिंह, साजिदा खान, आकांश प्रताप सिंह, अंश दुबे, बागिशा गौर, सृष्टी त्रिपाठी, अंशु, मो० मोहतशिम अंकित राजपूत, मोहित सिंह, रिद्धिमा दुबे आदि है। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में एक






विशेष पुस्तकालय निर्माणाधीन है जिसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी। यह समारोह डाइरेक्टर सुश्री रिशिका सचान के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी की जिलाध्यक्ष देहरादून बनी सुनीता सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार मे सुनीता सिंह जी को जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ देहरादून की जिम्मेदारी जिम्मेदारी सौंपी जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे पूरे जिले में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा तूलिका त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मंजू त्रिवेदी राष्ट्रीय सचिव महिला प्रकोष्ठ ज्योति श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश सचिव पूजा पांडे उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका राष्ट्रीय अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ श्री श्री 1008 राजीव नाथ योगी जी महाराज श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आचार्य राम कमल दास जी महाराज प्रभारी उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रभारी मनीष विजयवर्गीय जी प्रदेश अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय प्रभारी



कैलाश नाथ सिंघल सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# थाना रामपुर पुलिस ने महिलाओं पर फब्तिया कसने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण/ एण्टी रोमियों अभियान के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान धनुहाँ तिराहा रामपुर में एक संदिग्ध व्यक्ति जो आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तिया कस रहा था को आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुये पकड़ लिया गया । पकड़े गये अभियुक्त अभियुक्त संतोष कुमार सेठ पुत्र रामजी सेठ निवासी आशानन्दपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 43/22 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया । पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 43/22 धारा 294 भादवि थाना रामपुर जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. संतोष कुमार सेठ पुत्र रामजी सेठ निवासी आशानन्दपुर थाना रामपुर




जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री राघवेन्द्र बहादुर सिंह थाना रामपुर जौनपुर । 3. का0 राहुल गुप्ता, का0 शिवम पाण्डेय, का0 अंकित शुक्ला, म0का0 अंकिता सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर ।

# थाना बरसठी पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री रामसरीख गौतम मय हमराही कर्मचारीगण के मुखवीर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 46/22 धारा 376 (3) भादवि



व ¾ पाक्सो एक्ट थाना बरसठी जौनपुर में वांछित अभियुक्त सुनील पाल पुत्र रामधनी पाल उर्फ मुसई उम्र करीब 22 वर्ष निवासी बनपुरवा चतुर्भुजपुर थाना बरसठी जौनपुर को दि0 25.03.2022 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. सुनील पाल पुत्र रामधनी पाल उर्फ मुसई उम्र करीब 22 वर्ष निवासी बनपुरवा चतुर्भुजपुर थाना बरसठी जौनपुर। पंजीकृत अभियोग का विवरण– 1. मु0अ0सं0 46/22 धारा 376 (3) भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट थाना बरसठी जौनपुर गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष, रामसरीख गौतम, थाना बरसठी जनपद जौनपुर। 2. हे0 का0 राजू सिंह थाना बरसठी जनपद जौनपुर। 3.का0 सुरेश यादव याना बरसठी जनपद जौनपुर। 4.का0 बलवन्त प्रसाद थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

# थाना सुरेरी पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर ,श्री अजय साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन मे एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्वेक्षण मे थानाध्यक्ष श्री राजनरायन चौरसिया मय हमराह हे0का0 हे0का0 बलवन्त यादव , हे0का0 प्रकाश यादव , का0 सुधीर यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 32/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्टमे नामित/वांछित अभियुक्तगण 1. खरपत्तू पाल पुत्र हरिनाथ पाल निवासी नोनरा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र करीब 50 वर्ष को कारण गिरफ्तारी बताकर दिनांक 25.03.22 को समय 05.10 बजे सुबह पुलिस हिरासत मे लिया गया अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. खरपत्तू पाल पुत्र हरिनाथ पाल निवासी नोनरा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 131/21 धारा 302/201 भा0द0वि0 थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 32/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । गिरफ्तारी पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष राजनरायन चौरसिया, थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 2. हे0का0 बलवन्त यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 प्रकाश यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 4. का0 सुधीर यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।



# थाना सरपतहां पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष सरपतहाँ के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.03.2022 को उ0नि0 धुरेन्धर प्रसाद मय हमराह हे0का0 शशांक शेखर, का0 सिजाउद्दीन शेख, का0 भीमशंकर द्वारा दीपक कुमार राणा पुत्र सुग्रीव निवासी ग्राम भिवरहां थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक तंमचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ, जिसके विरुद्ध अभियोग मु0अ0सं0 67/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया, जिसका चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. दीपक कुमार राणा पुत्र सुग्रीव निवासी ग्राम भिवरहां थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग का विवरणः– 1. मु0अ0स0 67/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व



बरामदगी टीम का विवरण– 1.उ0नि0 श्री धुरेन्धर प्रसाद थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 शंशाक शेखर गुप्ता थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3.का0 सिजाउद्दीन शेख थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 4. का0 भीमशंकर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर।

# थाना मीरगंज पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर महोदय के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 25.03.2022 को थानाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मीरगंज पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय



के मु0अ0सं0 34/22 धारा 363/366 भादवि से संबंधित अभियुक्त संजय गौतम पुत्र चौथीराम निवासी रामगढ थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष को बिलरा मोड के पास से समय करीब 07.25 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित पीड़िता को बरामद किया जा चुका है । उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. संजय गौतम पुत्र चौथीराम निवासी रामगढ थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0 34/22 धारा 363/366 भादवि थाना मीरगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1– उ0नि0 श्री चन्द्रकेश शर्मा थाना मीरगंज जनपद जौनपुर 2– हे0का0 रणजीत सिंह थाना मीरगंज जनपद जौनपुर 3– का0 परमात्मा सिंह थाना मीरगंज जनपद जौनपुर।

# बरनवाल ज्वेलर्स के ध्वस्तीकरण को लेकर उद्योग व्यापार मण्डल आक्रोशित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के नखास–जोगियापुर के मध्य में स्थित बरनवाल ज्वेलर्स नामक फर्म को गिराये जाने को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल आक्रोशित हो गया। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश के आवास पर पहुंचकर उन्हें महामहिम राज्यपाल के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। साथ ही व्यापारी के साथ हुये अन्याय की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुये न्याय दिलाने की मांग किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि नखास के सद्भावना पुल मोड़ के निकट स्थित बरनवाल ज्वेलर्स जो बन्द थी, को नगर मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री की देख–रेख में जेसीबी से ढहा दिया गया जबकि उक्त दुकान के अन्दर तमाम ज्वेलरी, सामान सहित नगदी रखे थे जो मलबे में दबकर तहस–नहस हो गये। श्री जायसवाल ने बताया कि प्रतिष्ठान के संचालक प्रमोद बरनवाल ने उक्त कार्यवाही के विरूद्ध कमिश्नर वाराणसी की अदालत में गुहार लगा रखा था जिसमें 30 मार्च तारीख पड़ी थी। साथ ही यह भी नियम है कि जब किसी उच्च अदालत में सुनवाई हो रही हो तो किसी भी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी को नियमतः उक्त कार्यवाही को तब तक के लिये यानी 30 मार्च तक रोकना चाहिये था। इतना ही नहीं, उक्त नियम की छाया प्रति नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया था लेकिन उन्होंने न्यायालय की अवहेलना करते हुये उक्त प्रतिष्ठान को ढहवा दिया। फिलहाल इस ध्वस्तीकरण को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है जिसको व्यापार मण्डल सड़क पर उतर गया है। अन्त में श्री जायसवाल ने कहा कि व्यापार मण्डल महामहिम राज्यपाल से उक्त प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग करता है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनवारूल हक, अमरनाथ मोदनवाल, संजीव साहू, अमर बहादुर सेठ, राजेश यादव, राम बसावन अग्रहरि, चन्द्रबली सिंह सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार मण्डल का होली मिलन समारोह स्थगित व्यापार मण्डल द्वारा 27 मार्च दिन रविवार को आयोजित 'होली मिलन समारोह' स्थगित कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने दी है।

# थाना सरपतहां पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त अनिरुद्ध गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष सरपतहाँ के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.03.2022 को उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय हमराह हे0का0 विजय सिंह व का0 अखिलेश मौर्या द्वारा मु0अ0सं0 31/2022 धारा 376/506 भादवि0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अनिरुध्द कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी अतरौड़ा थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर उम्र 34 वर्ष थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसका चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1. अनिरुध्द कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी अतरौड़ा थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 31/2022 धारा 376/506 भादवि थाना सरपतहां



जनपद जौनपुर गिरफ्तारी टीम का विवरण–1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह थाना सरपतहां जौनपुर 2. हे0का0 विजय सिंह थाना सरपतहां जौनपुर 3. का0 अखिलेश मौर्या थाना सरपतहां जौनपुर।

# उच्च शिक्षा के प्रमुख सचिव ने विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारियों से की बातचीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की। विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारियों को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा, प्रमुख सचिव श्री सुभाष शर्मा ने कहा कि सत्र नियमित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। इसे हर हाल में पूरा करना होगा। समय से परीक्षा कराना और उसका रिजल्ट निकालना जरूरी है ताकि विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने में कोई दिक्कत ना हो। शिक्षा रोजगारपरक होनी चाहिए। शोध कार्य के क्षेत्र में शासन गंभीर है। इसके लिए सरकार आर्थिक सहायता दे रही है इसका लाभ विश्वविद्यालय भी उठाएं। विश्वविद्यालय खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य के साथ चरित्र निर्माण का भी काम करें। कुलपति प्रोफेसर निर्मला घ्एस.घ्मौर्य ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सत्र नियमित है। विश्वविद्यालय में एक जुलाई से नये सत्र को शुरू किया जा रहा है। नैक मूल्यांकन को प्राथमिकता दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की गतिविधियों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, समस्त सहायक कुलसचिव, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. एकेघ् श्रीवास्तव, प्रो. रामनारायण, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ विजय सिंह, डॉ राहुल सिंह,डॉ. मनोज मिश्र, डॉ.राजकुमार, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. मुराद अली, डा. रसिकेश, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ. सौरभ पाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.मंगला प्रसाद , डॉ. राजीव कुमार, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. द्विबेन्दु मिश्र, डॉ. काजल डे, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. कमलेश पाल, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, सुशील प्रजापति आदि उपस्थित थे।



# भारतीय युवा कांग्रेस करेगी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः युवा सोच ही हर विकास का आधार है,जो देती है हर विकास को आकार, इसीलिए भारतीय युवा कांग्रेस ने युवाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए एक ऐसा मंच तैयार करता हैं जिससे भारत के कोने कोने से युवा अपनी आवाज देश के समक्ष रख सके। भारतीय युवा कांग्रेस "यंग इंडिया बोल" पार्ट टू" की लांचिंग आज कांग्रेस मुख्यालय, नई दिल्ली,से करने जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता हमाम




वहीद ने कहा भारतीय युवा कांग्रेस एक ऐसा मंच सजाने जा रही है जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी से आए युवाओं को इस देश की आवाज बनने का अवसर प्रदान करता है क्योंकि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। भारत एक युवा देश है और इस देश का भविष्य युवा है इसलिए युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए यंग इंडिया बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। "यंग इंडिया के बोल" के माध्यम से पूरे देश में पहले जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित अभ्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मौका मिलता है और प्रदेश से चयनित अभ्यर्थियों को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अस्तर की भाषण प्रतियोगिता में बोलने का अवसर प्रदान किया जाता है इस माध्यम से देश के कोने कोने से तराशे हुए हीरे को भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया जाता है जो देश की आवाज बनते है। श्री हमाम वहीद ने निवेदन किया है भारी संख्या में युवा इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने उज्जवल भविष्य की उड़ान भर सकते है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा गत वर्ष के सफल आयोजन के बाद इस बार का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ उनके सपने को साकार करेगा।

# डा. रामनरेश का शोध पेपर उत्कृष्ट जर्नल में प्रकाशित : इंजीनियरिंग संकाय में शिक्षकों ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें रसायन विज्ञान विभाग के डॉक्टर रामनरेश यादव को उनके उत्कृष्ट रिसर्च पेपर प्रकाशित होने पर सम्मानित किया गया स डॉ. यादव का रिसर्च पेपर अत्यंत ही उत्कृष्ट जर्नल में प्रकाशित हुआ है जिसका इंपैक्ट फैक्टर 20.2 है स टेलर एंड फ्रैंसिस कैटालसिस रिव्यू जैसे बड़े लोकप्रिय जर्नल में पेपर प्रकाशित होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। साथ ही यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। टेक्नीकल सेल के प्रभारी और केमिस्ट्री विभाग के डॉ अमरेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार के रिसर्च एवं डेवलपमेंट विभाग द्वारा प्रोजेक्ट प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर बी.बी. तिवारी ने सभी को बधाई दी एवं सभी शिक्षकों को रिसर्च एवं प्रोजेक्ट से जुड़े कार्यों को करने हेतु प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पूर्व डीन इंजीनियरिंग संकाय



प्रोफेसर अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डॉ राजकुमार, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष कुमार, डॉ यू.आर. प्रजापति, करुणा निराला, नितिन यादव, सीपी सिंह, रामसेवक यादव, मोहिंदर पाल, केके मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पानी की व्यवस्था न होने पर कुलपति नाराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में चल रही परीक्षाओं का शुक्रवार को कुलपति ने औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य शुक्रवार को सुबह की पाली में सबसे पहले आईबीएम परीक्षा केंद्र पर पहुंची। डॉ रसिकेश केंद्राध्यक्ष के साथ सुशील कुमार, डॉ विनय वर्मा, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, प्रभाकर सिंह के साथ कुलपति सभी कक्षों में गई। विद्यार्थियों से उनकी समस्या के बारे में पूछताछ किया। इस दौरान दूसरे मंजिल के परीक्षा कक्ष के एक विद्यार्थी ने ऊपर पीने के पानी न होने की शिकायत की। इस पर कुलपति ने तत्काल पानी की व्यवस्था ऊपर कराने का निर्देश केंद्राध्यक्ष डा. रसिकेश को दिया। एक घंटे के दौरान ही आरओ वाटर की व्यवस्था डा. विनय वर्मा ने करा दी। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों से पूछा की पाठ्यक्रम के बाहर के कोई सवाल तो नहीं पूछे गए हैं। कुलपति विद्यार्थियों की व्यवहारिक समस्याओं को लेकर काफी गंभीर रहतीं हैं। इसके बाद कुलपति इंजीनियरिंग संकाय में पहुंचीं। वहां केंद्राध्यक्ष डॉ संजीव गंगवार, के साथ आंतरिक दस्ता, प्रोफेसर बी.बी. तिवारी, डॉ सौरभ



पाल, डॉ तुषार श्रीवास्तव, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ अशोक यादव, डॉ दिलीप यादव, डॉ ज्ञानेंद्र पाल, संतोष यादव, शैलेश प्रजापति एवं कृष्ण कुमार यादव ने कुलपति को पूरे परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कराया। डा. गंगवार ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जा रहा है।

## सड़क पार कर रहे दो छात्रों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, गंभीर अवस्था में भेजा गया अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तिराहे पर सड़क पार कर रहे दो छात्रों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर से दोनो छात्र बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एक निजी वाहन से दोनो घायल छात्रों को जिला अस्पताल भिजवाया। बता दें कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर– केराकत मार्ग पर स्थित प्रसाद तिराहे पर प्रसाद इंस्टिट्यूट के छात्र रितिक सिंह 22 व अभिनव 24 इंस्टिट्यूट में प्रवेश करने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी शहर के तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनो छात्रों को टक्कर मार दिया। टक्कर इतना तेज था कि दोनों छात्र बुरी तरह घायल हो गए। आस पास के लोग दौड़कर घायल दोनो छात्रों को एक निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। दोनों छात्रों को सिर में व पैर में गंभीर चोट आई है। वही मौके पर पहुची पुलिस ने कार चालक को कार सहित हिरासत में ले लिया। गौराबादशाहपुर पुलिस के मुताबिक दोनो छात्र प्रसाद के ही छात्र है। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर अवध नाथ यादव ने बताया कि यदि घायल छात्रों के परिजनों द्वारा तहरीर दी जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर चौकी के सामने बाबतपुर तिराहे पर बने डिवाइडर से प्याज लदी ट्रक टकरा जाने से भोर में ट्रक पलट गई। ट्रक पलटने से ट्रक के चालक व खलासी को चोटें आई हैं लेकिन बाल–बाल बच गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रयागराज मुट्ठीगंज निवासी बबलू सिंह का ट्रक नासिक से 30 टन प्याज लादकर प्रयागराज निवासी चालक इरशाद के साथ खलासी मोहम्मद शहादत बलिया के लिए जा रहे थे। रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमालापुर चौकी के सामने बाबतपुर तिराहे के पास शनिवार की भोर 4:00 बजे पहुंचे थे तभी चालक इरशाद को नींद की झपकी आ गई। बाबतपुर तिराहे पर बनी डिवाइडर को चालक नहीं देख सका जिसके कारण ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। ट्रक पलटने से तेज आवाज के कारण आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। तो चालक ट्रक के अंदर बने केबिन में खलासी के साथ फंसा हुआ था। किसी तरह दोनों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। चालक व खलासी बाल–बाल बच गये। चालक इरशाद ने बताया कि भोर का वक्त था जिसके कारण हमें नींद आ गई और डिवाइडर को देख नहीं पाया और अगला चक्का डिवाइडर पर चढ़ गया जिसके कारण हमारी ट्रक पलट गई।

## विश्वास और अहंकार के बीच टकराव हुआ तो विजय होगी विश्वास की – स्वामी ज्ञानानंद महाराज

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अयोध्या में आयोजित चार दिवसीय दिव्य गीता सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्वास और अहंकार के बीच टकराव हुआ तो विजय हमेशा विश्वास की होती है। अयोध्या की मनीराम छावनी में जीओ गीता व कृष्ण कृपा परिवार द्वारा आयोजित सत्संग का शुभारम्भ श्री राममंदिर तीर्थ न्यास के अध्यक्ष महन्त नृत्य गोपालदास जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। गीता मनीषी ने राम भक्तों के विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि आज आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण राम भक्तों के विश्वास की ही विजय है। उन्होंने कहा कि भगवद् गीता व अवध धाम में अनेक समानताएं है। गीता में राम और राम में गीता के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत की जनता का विश्वास अतुल्य है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का भरत त्याग की मूर्ति और शकुन्तला का पुत्र भरत कर्मयोग का प्रतीक था और जड़ भरत भी श्रद्धा भाव की प्रति मूर्ति था। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर का सिंहासन दो भाईयों के बीच महाभारत का कारण बना। दूसरी ओर अवध का सिंहासन भरत के प्रेम व त्याग का प्रतीक है। भारत में संकट के बीच अनेक अवतारों पर दिव्यता प्रकट होती है। ऐसा ही कुछ महाभारत में हुआ। इस युद्ध के बीच विश्व को श्रीमद्भगवद् गीता की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि गीता आलौकि प्रेरणा देती है। भक्ति कर्म व ज्ञान की पराकाष्ठा है। अवतार परम्परा भारत का एक अमूल्य गौरव है जोकि दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलता। सनातन परम्परा में जब–जब आवश्यकता पड़ी तब–तब भगवान प्रकट होते हैं। यही बात रामायण में भी कही गई है। उन्होंने कहा कि राम और कृष्ण दोनों एक ही तत्व हैं। आयोध्या को बैकुंठ की संज्ञा देते हुए गीता मनीषी ने राम जन्म भूमि को बड़ा बताते हुए कहा कि भगवान राम ने जिस धरा पर जन्म लिया वह सबसे श्रेष्ठ है। जिन–जिन भक्तों ने भगवान पर अटूट विश्वास प्रकट किया। उनकी कभी हानि नहीं हुई। द्रोपदी ने जब भगवान कृष्ण में विश्वास प्रकट किया तो भगवान ने वस्त्रावतार लेकर उसकी लाज रखी। गीता मनीषी ने कहा भारत विश्वास की धरा है। उन्होंने कहा कि अवध धाम से सम्पूर्ण सृष्टि से जुड़ी हुई है। इसी प्रकार भगवद् गीता के उपदेश की दिव्यता अयोध्या भूमि से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि गीता उपदेश में व अयोध्या धाम में काफी समानता है। इस अवसर पर रामजन्म भूमि न्यास के महामंत्री चंपत राम ने रामजन्म भूमि निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महन्त कमल नयन दास, महन्त सुरेशदास, श्रीधराचार्य जी महाराज सहित अयोध्या भूमि के अनेक संत इस समारोह में उपस्थित थे।

## अधिवक्ता समाज की जो भी समस्या मेरे संज्ञान में आएगी उसे किया जायेगा दूर – राम चन्द्र यादव

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के रूदौली तहसील की जनता ने 41 हजार मतों से जीत हासिल कर एक रिकार्ड बनाया।मुंसिफ कोर्ट की स्थापना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के यहाँ लंबित है जिसकी जानकारी मुझे है।रूदौली का एक लाल वहां मौजूद है। मामले के जो भी पैरोकार है उनके साथ प्रयागराज पैरवी के लिए जाएंगे।यह काम ऐसे समय पर उठाया गया उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा।यह बातें विधायक राम चन्द्र यादव ने रूदौली तहसील प्रांगण में बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही।उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज की जो भी समस्या मेरे संज्ञान में आएगी उसे जिम्मेदारी से पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।वही बार अध्यक्ष अली हैदर ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा अवसर है अभी कुछ दिन पहले चुनाव हुए है तमाम आरोप प्रत्यारोप लगे है हमे सभी गिले शिकवे भूल कर आपस मे गले मिलकर नई शुरुआत करनी चाहिए।इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री वेद प्रकाश तिवारी,नीलमणि त्रिपाठी,चौधरी अजीमुद्दीन,राजेश मिश्रा,महामंत्री सालिक राम महेश,अनिल मिश्रा आदि ने भी सम्बोधित किया।इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष,महामंत्री,पूर्व अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी,अनिल मिश्रा व कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन अहमद के नेतृत्व में विधायक राम चन्द्र यादव का गाजे बाजे के साथ 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।इसके बाद अन्य अधिवक्तों ने भी एसडीएम रूदौली स्वप्निल कुमार यादव व विधायक राम चन्द्र यादव सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन राम भोला तिवारी व अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन धनी राम यादव ने की।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सर्व दमन पाण्डेय,अफसर रजा रिजवी,साहब सरन वर्मा,गया शंकर,विनोद कुमार लोधी,गुंजित,मो फहीम,इम्तियाज अहमद,बृज नाथ दुबे,अजय सिंह यादव,गोबिन्द प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाकियू का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में शीत भण्डारण के खिलाफ की शिकायत

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह से मिलकर शीतगृह मालिकों द्वारा आलू भंडारण किराया मनमानी तरीके से लेने तथा जनपदीय किसानों की आलू न जमा करने के बजाए बाहरी व्यापारियों की आलू जमा करने की शिकायत करते हुए अविलंब किसानों व शीतगृह मालिकों की संयुक्त मीटिंग बुलाने तथा तुरंत बाहरी आलू भंडारण पर रोक लगाने तथा जनपदीय किसानों की आलू भंडारित करने की मांग की है।इस मौके पर घनश्याम वर्मा एवं जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा ने कहा कि जनपदीय किसानों के आलू भंडारण न करके बाहरी व्यापारियों की आलू वरीयता के आधार पर जमा की जा रही है जो उचित नहीं है और अभी जिला प्रशासन की अध्यक्षता में किसानों व शीत गृह मालिकों की मीटिंग नहीं हुई है फिर भी शीतगृह मालिकों द्वारा मनमानी किराया घोषित किया गया है जो उचित नहीं है, बढ़ी हुई महंगाई के कारण कृषि लागत काफी बढ़ गयी है जिसके कारण किसानों की कमर टूट गई है ऐसी हालत में आलू भंडारण किराया बढ़ाया जाना बिल्कुल उचित नहीं है। भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दिया है कि यदि अविलंब समस्याओं का समाधान नहीं होगा वृहद आंदोलन छेड़ा जाएगा।इस प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा, जिला सचिव दशरथ सिंह, रामप्रताप गुप्ता, रंजीत कोरी ,जगतपाल सिंह, संतोष वर्मा, सती प्रसाद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## महर्षि आयुर्वेद प्रतिष्ठान द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में सिद्ध पीठ बा घी मंदिर महर्षि आयुर्वेद प्रतिष्ठान द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया बाधी मंदिर के प्रबंधक समाजसेवी विकास श्रीवास्तव के नेतृत्व में गरीबों बीमार व कमजोर व्यक्तियों के लिए निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था कराया गया।बाधी मंदिर के प्रबंधक समाजसेवी विकास श्रीवास्तव ने बताया की मंदिर की तरफ से समय–समय पर अनाज भोजन वस्त्र व आर्थिक सहयोग के साथ साथ क्षेत्र के जरूरतमंदों गरीबों व अनाथ लोगों के जांच दवा चिकित्सा की निशुल्क व्यवस्था किया गया जिसमें योग्य चिकित्सक द्वारा पंचकर्म नाड़ी विशेषज्ञ हृदय रोग किडनी रोग पथरी रोग सांस रोग आदि रोगों के साथ–साथ अन्य बीमारियों का इलाज दवा जांच निशुल्क व्यवस्था की जा रही है स्थानीय निर्मल वर्गों को आवश्यकतानुसार निशुल्क औषधि प्रदान की जा रही है।

## कभी मायावती के करीबी रहे ब्रजेश पाठक का यूपी की छात्र राजनीति से डिप्टी सीएम बनने तक का सफर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार भी दो उपमुख्यमंत्री बनाए हैं।उनमें केशव प्रसाद मौर्य के अलावा पिछली सरकार में कानून मंत्री रहे ब्रजेश पाठक भी शामिल हैं।अगर देखा जाये तो ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश की राजनीति के बड़े ब्राह्मण चेहरे माने जाते हैं।इस बार लखनऊ कैंट विधानसभा से भारी जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचे हैं।ब्रजेश पाठक की राजनीति की शुरुआत छात्र जीवन से हुई।सूत्र के मुताबिक वे लोकसभा के साथ–साथ राज्यसभा के सांसद भी रह चुके हैं और अब तक तीन पार्टियों से भी जुड़ चुके हैं।उत्ध्तर प्रदेश की राजनीतध्ति में ब्रजेश पाठक कध्सिी पहचान के मोहताज नहीं हैं।यूपी की सध्यिासत में बड़ा ब्राह्मण चेहरा माने जाने वाले ब्रजेश पाठक भाजपा में कद्दावर नेता के साथ ही, सूबे के बड़े ब्राह्मण चेहरा माने जाते हैं।इसलिए ब्राह्मण–ठाकुर की सियासत के लिए चर्चित इस राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रजेश पाठक को अपना डिप्टी बनाकर इस जातीय समीकरण को बैलेंस करने की कोशिश की है। योगी सरकार के पिछले कार्यकाल में भी ब्रजेश पाठक विधायी, न्याय एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग में कैबिनेट मंत्री थे।वह इस चुनाव में लखनऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह गांधी को 39,512 वोटों के बड़े अंतर से चुनाव हराकर विधानसभा में पहुंचे हैं। ब्रजेश पाठक का ये सध्यिासी सफर इतना आसान नहीं रहा है। इस सध्यिासी सफर में ब्रजेश पाठक को कई उतार –चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। बसपा का कभी एक बड़ा ब्राह्मण चेहरा माने जाने वाले ब्रजेश पाठक ने छात्र नेता से कैबध्निेट मंत्री तक सफर तय कध्यिा है,तो वहीं मौजूदा भाजपा के इस मंत्री ने अपने जीवन का पहला वध्घिानसभा चुनाव कांग्रेस के टध्घिकट पर लड़ा था,जध्घिसमे पराजय का सामना करना पड़ा। ब्रजेश पाठक का जन्म 25 जून 1964 को राजधानी लखनऊ से सटे हरदोई जिले के मल्लावा कस्बे के मोहल्ला गंगाराम में हुआ था,इनके पिता का नाम सुरेश पाठक था।ब्रजेश पाठक ने कानून की पढ़ाई की है,लेकध्नि उन्ध्होंने अपने राजनीति जीवन की शुरुआत अपने छात्र जीवन से की है। 1989 में ब्रजेश पाठक लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष चुने गए थे। इसके बाद 1990 में लखनऊ




विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष चुने गए थे।इसके 12 साल बाद कांग्रेस में शामिल हुए और 2002 के विधानसभा चुनाव में मल्लावां विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और 130 वोटों के करीबी अंतर से चुनाव हार गये थे। ब्रजेश पाठक ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर उन्नाव सीट से भाग्य आजमाया तो राजनीति में पहली बड़ी कामयाबी मिली और चुनाव जीत गए। 2009 में बसपा मुखिया मायावती ने उन्हें राज्यसभा में जगह दिलाई और पार्टी का मुख्य सचेतक बना दिया।बसपा ने 2012 में इनकी पत्नी नम्रता पाठक को भी उन्नाव सदर सीट से टिकट दिया, लेकिन वो चुनाव हार गईं।मायावती के कार्यकाल में नम्रता पाठक यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं और उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। 2014 की मोदी लहर में ब्रजेश पाठक ने उन्नाव से हाथी की सवारी करनी चाही,लेकिन तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। राजनीति में इतने लंबे करियर की वजह से ब्रजेश पाठक अबतक सियासत के मौसम को परखना सीख चुके थे।2017 के यूपी विधानसभा चुनाव से करीब 6 महीने पहले उन्होंने बीजेपी का कमल थाम लिया। 2017 में भाजपा से उन्हें लखनऊ सेंट्रल से चुनाव लड़ने का टिकट मिला और वे अखिलेश सरकार में तब के कैबिनेट मंत्री रहे रविदास मेहरोत्रा को 5 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर विधानसभा में पहुंच गए। यूपी विधानसभा में यह उनकी पहली एंट्री थी और उन्हें मुख्यमंत्री योगी ने कैबिनेट मंत्री बनाया। इस बार उन्होंने लखनऊ कैंट से किस्मत आजमाई है और शानदार सफलता पाकर,उपमुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए हैं।

## सरकारी शीशम का पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट में कई घायल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के मानूडीह गांव में दबंगों द्वारा नहर के किनारे स्थित सरकारी शीशम के पेड़ को काटकर बोटे करने से मना करने पर दबंगों ने अधेड़ सहित महिलाओं को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया है। घटना के बाद घायल अधेड़ को परिजनों ने सीएचसी खंडासा पहुंचाया। जहां अस्पताल के डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले में घायल अधेड़ के भाई ने मनबढ़ एवं दबंग हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा कायम किए जाने के संबंध में खंडासा थाने में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना क्षेत्र के मानूडीह पूरे मघई राय निवासी अवधेश ने खंडासा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते 24 मार्च की देर शाम उनके गांव के ही रामकिशोर पुत्र राम नारायण, रामबरन पुत्र रामकिशोर, अमित पुत्र रामबरन एवं राम शंकर पुत्र रामकिशोर द्वारा सुल्तानपुर फैजाबाद यूनाइट ब्रांच नहर के किनारे स्थित शीशम का सरकारी पेड़ काट डाला गया था। उसे उठाकर उनके घर के ही सामने बोटे काटने लगे थे। अवधेश का आरोप है कि उनके भाई स्वामीनाथ ने कहा कि यह सरकारी लकड़ी काट कर लाए हो, इसे वन विभाग के हवाले कर दो। अन्यथा मैं शिकायत कर दूंगा। इतना सुनते ही उपरोक्त लोग आग बबूला हो गए और अवधेश एवं उनके भाई पर टूट पड़े। हमलावरों ने लोहे की रॉड से अवधेश के भाई के सिर पर करारा प्रहार कर दिया। जिसके चलते सिर से भारी मात्रा में रक्तस्राव हो गया। इससे भी जी नहीं भरा तो उपरोक्त दबंग अवधेश के घर में भी घुस गए और गृहस्थी के सामानों तथा घर में रखे खाद्यान्न को भी तहस–नहस कर दिया। घटना के बाद घायल स्वामीनाथ, अवधेश, विक्रम, बृजेश, प्रमिला एवं रमरता को लेकर खंडासा थाने पहुंचे पुलिस ने आनन–फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा पहुंचाया। सीएससी के डाक्टरों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं दूसरी ओर दूसरे पक्ष के लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीरे खंडासा पुलिस को प्राप्त हुई है। हालांकि पुलिस अभी मामले की छानबीन में जुटी है। प्रकरण में किसी भी पक्ष का कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। वहीं दूसरी ओर सरकारी शीशम के पेड़ों को काटे जाने की जानकारी के बावजूद भी कुमारगंज वन रेंज के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी है और उन्होंने घटना के दूसरे दिन तक मामले में कोई भी कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा है।

## 779 टीबी मरीजों को गोद लेगा विश्वविद्यालय टीबी मरीजों की देखभाल करने वालों को कुलपति ने किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को क्षय रोगियों को गोद लेकर टीबी मुक्त कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षकों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुलपति ने सम्मानित किया। अगले चरण में शासन के निर्देश पर 779 टीवी मरीजों को गोद लेने का निर्णय किया गया। विदित है कि फरवरी 2021 में प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश के क्रम में 66 टीबी मरीजों को गोद लिया गया था. जिसमें 65 मरीज टीबी मुक्त हो गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि टीबी मरीजों को गोद लेना नेक कार्य है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं महाविद्यालयों से पूरी उम्मीद है कि आगे भी क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें टीबी मुक्त करने में अपना अभिन्न योगदान देंगे. कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए लोगों के सहयोग से एक कोष बनाया गया है इससे कोविड काल में लोगों की सेवा की गई। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि मानवता के विकास के लिए टीबी मुक्त कराने



की जरूरत है। विश्वविद्यालय के शिक्षक इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह ने कहा कि सभी शिक्षकों को जो भी क्षयरोगी देखभाल के लिए मिलेंगे वह इस कार्य को निष्ठा पूर्वक करेंगे. राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने विगत वर्ष में गोद लिए गए रोगियों की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंचासीन परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, शिक्षक संघ के महामंत्री राहुल सिंह, प्राचार्य प्रो.शम्भू राम, प्रबंधक राजीव कुमार सिंह, चिकित्साधिकारी करंजाकला डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. रामनारायण, प्रो. वंदना राय,प्रो. आलोक कुमार गुप्ता, डॉ. सतेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. रजनीश भास्कर, डा.प्रदीप कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, सहायक कुलसचिव बबिता, अमृत लाल,डॉ. सुमन यादव, डॉ. बलवंत सिंह, डॉ. नितिन राय समेत अन्य लोग सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए. संचालन समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया।

## तेज रफ्तार पिकअप ने परीक्षा कांस्टेबल को मारी टक्कर

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जनपद के बीकापुर तहसील अंर्तगत हैदरगंज थाना अंतर्गत बालाराम फूलौना मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप ने परीक्षा ड्यूटी करने जा रहे हैदर गंज थाने के कांस्टेबल को टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलदीप पुत्र राम आसरे आयु लगभग 33 वर्ष निवासी थाना बालामऊ जनपद हरदोई आज सेकंड पाली की परीक्षा ड्यूटी में कल्पना डिग्री कॉलेज बाइक से जा रहा था कि तभी तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया।जिससे घायल अवस्था में कांस्टेबल को थाना अध्यक्ष द्वारा अपने सरकारी वाहन द्वारा सीएचसी भिजवाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला चिकित्सालय रिफर किया गया।वही जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा ने हालत गंभीर देखते हुए आज दोपहर 3:10 पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया।वही इस संबंध में एसआई बृजेश कुमार ने बताया कि पिकअप को पकड़ लिया गया परंतु चालक फरार हो गया है।

## आखिर क्यों नहीं मिला अयोध्या के विधायकों को मंत्री बनने की सौगात?

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश लखनऊ में अपनी दूसरी पारी की सुरूआत के लिए योगी सरकार का शपथ ग्रहण सम्पन्न हो गया, लेकिन राम नगरी अयोध्या से योगी का लगाव किसी से छिपा नहीं है परंतु अयोध्या जनपद के नागरिकों ने वह सफलता नहीं दिया जैसा 2017 मे दिया था।अगर देखा जाये तो इस विधानसभा चुनाव में पाँच में से केवल तीन सीट ही भाजपा जीत सकी और दो पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जीत गये।इसके पीछे मुख्य कारण कानून व्यवस्था रही।पिछले एक साल की घटना पर नजर डालें तो सारी स्थित साफ दिखाई देती है कि इस जिले में हत्या बलात्कार की बाढ़ आ गयी।कोतवाली नगर के देवकाली चौकी पुलिस पर आरोप लगाने वाले ने रेल पटरी पर जान दे दिया इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक ही परिवार में पाँच लोगों की हत्या की गयी तथा घर में मौजूद अकेली महिला को फंदे पर लटका दिया गया वहीं एक दलित नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार करने वाले अपराधियों को पुलिस ने रिश्वत लेकर संरक्षण दिया कारण वह थानेदार राहुल कुमार यादव की विरादरी का था।एक पुलिया के नीचे बोरी में पड़ी लाश को ठिकाने लगाने के बाद पुलिस ने शासन को गुमराह किया तथा जमीन के विवाद में हस्तक्षेप करके खूब रिश्वत की रकम बटोरा।इस समय भी अयोध्या कोतवाली पुलिस काफी चर्चा में है सात साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना को लेकर। देखिए नयी पारी में योगी किसका क्या इलाज करते हैं?

## चचेरे भाई की तहरीर पर रोलर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के थाना इनायतनगर क्षेत्र के प्रकाश का पुरवा गांव के पास अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 330 ए के चौड़ीकरण कार्य में लगी 18 वर्षीय बालिका की प्रेशर रोलर के नीचे दबकर हुई दर्दनाक मौत के मामले में मृतका असनी पुत्री रुपा के चचेरे भाई दरमा पहाड़िया की तहरीर पर पुलिस ने रोलर चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।मालुम हो कि अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। कार्यदाई संस्था पीएनसी कंपनी का प्रेशर रोलर रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच 37 वी 3430 से दो दिन पूर्व मिल्कीपुर प्रकाश के पुरवा के पास सड़क के किनारे डंपर से डाली गई मिट्टी को लेबल के उपरांत प्रेशर से दबा रहा था। मिट्टी में आई लकड़ी घास फूस की छटनी कर रही 18 वर्षीय एक मजदूर बालिका असनी पुत्री रूपा निवासी गांव वाड़ा कलदम, थाना लिट्टीपाड़ा, जिला पाकुड़ झारखंड के ऊपर चढ़ गया।साथ में काम कर रहे अन्य साथी मजदूर जोर जोर से चिल्लाने लगे किंतु प्रेशर रोलर ड्राइवर जब तक कुछ समझ पाता तब तक मजदूर बालिका का आधा शरीर प्रेशर रोलर के नीचे दबकर चटनी हो गया। घटना के बाद रोलर ड्राइवर मौके से भाग निकला। जानकारी मिलने पर पहुंची पीएनसी कंपनी की गाड़ी ने घायल मजदूर बालिका को उपचार के लिए सीएचसी मिल्कीपुर ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।मृत बालिका के अंतिम संस्कार कराने के बाद मृतका के चचेरे भाई दरमा पहाड़िया पुत्र काली पहाड़िया निवासी नवाडीह वाड़ा कर्दम थाना लिट्टीपाड़ा जिला पाकुड़ झारखंड पीएनसी कंपनी के प्रेशर रोलर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर एम एच 37वी3430 व उसका चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया, तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 279 ,304 ए के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने प्रेशर रोलर को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि रोलर चालक की तलाश कराई जा रही है जल्द ही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।